वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर–२२२००३

(उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 द्वारा स्थापित)

(NAAC A+ accredited University)



पत्रांक : 1381 /प्रवेश सेल/2026 दिनांक : 07.08.2026

बी0पी0एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2026–2028

शारीरिक दक्षता परीक्षा/प्रथम काउंसलिंग की सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि बी0पी.एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2026–2028 में प्रवेश हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा/प्रथम काउंसिलिंग दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2026 को विश्वविद्यालय परिसर के एकलव्य स्टेडियम में प्रातः 8:30 बजे से आयोजित होगी। उक्त दक्षत परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 05 अगस्त 2026 से ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जारी किया जा रहा है। प्रवेश पत्र जारी किये जाने की सूचना पूर्व में जारी किया जा चुका है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यथियों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त पात्रता से सम्बन्धित समस्त शैक्षिक व खेल–कूद के मूल व छाया प्रति प्रपत्रों के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थित हो। अभ्यर्थियों के लिये शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में उपस्थिति होने के लिये आवश्यक निर्देश, तथा प्रपत्र **"क"** व अन्य आवश्यक विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.vbspu.ac.in** पर उपलब्ध हैं। काउंसिलंग में प्रतिभाग करने वाले महाविद्यालयों की सूची शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व आयोजन स्थल पर घोषित कर दी जायेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सदस्य/समन्वयक, बी.पी.एड. (सत्र 2026–28) प्रवेश समिति।
2. प्राचार्य/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, बी.पी.एड. विषय संचालित महाविद्यालय, सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. चीफ प्राक्टर, विश्वविद्यालय परिसर।
4. परीक्षा नियन्त्रक।
5. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट, को इस आशय से प्रेषित कि आवश्यक प्रपत्रों सहित (संलग्न) उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
6. मीडिया प्रभारी–विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को सम्बन्धित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. सहायक कुलसचिव/उपकुलसचिव–प्रवेश सेल/शैक्षणिक/सम्बद्धता।
8. प्रभारी, एकलव्य स्टेडियम।
9. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
10. आशुलिपिक वित्त–वित्त अधिकारी जी।

कुलसचिव

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर–२२२००३

(उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 द्वारा स्थापित)

(NAAC A+ accredited University)



दिनांक : 07.08.2026

बी.पी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2026–28

शारीरिक दक्षता परीक्षा/परीक्षा काउंसिलिंग हेतु अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश

बी0पी.एड्0 पाठ्यक्रम सत्र 2026–2028 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रथम काउंसिलिंग शारीरिक दक्षता परीक्षा/प्रथम काउंसिलिंग दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2026 को को विश्वविद्यालय परिसर के एकलव्य स्टेडियम में प्रातः 8:30 बजे से आयोजित होगी। उक्त दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु दिनांक 05 अगस्त से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी किया जा रहा है। अतः समस्त अभ्यर्थी निम्नलिखित निर्देशानुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा में उपस्थित हो–

1. शारीरिक दक्षता परीक्षा/काउंसिलिंग ऑफलाईन सम्पन्न होगी। काउंसिलिंग में उपस्थिति होने से पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि वह बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ आवश्यक अंक–पत्र व प्रमाण–पत्र प्राप्त कर चुके हो।

2. समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग हेतु शुल्क रू 500=00 (रू पांच सौ मात्र) नगद विश्वविद्यालय के लेखा काउंटर पर पर जमा करना होगा। अभ्यर्थी शुल्क नगद जमा की रसीद प्राप्त कर लें।

3. अभ्यार्थियों के लिये प्रपत्र "क" (पंजीकरण एवं शपथ–पत्र), जो विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित है, को डाउनलोड कर पूरित करते हुये दो सेट में निम्नलिखित क्रमानुसार प्रपत्रों की मूल एव छाया प्रति के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थित हो–
   A–प्रपत्र–'क', B–नगद जमा की रसीद, C–प्रवेश पत्र की प्रति, D–आवेदन पत्र (आनलाईन), E–शैक्षिक प्रमाण–पत्र, F–खेलकुद सम्बन्धी प्रमाण–पत्र एवं श्रेणी सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की प्रतियाँ। G–पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो (आवश्यकतानुसार प्रपत्र "क" तथा "ख" पर चस्पा करना है) नोट–सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रपत्र ही मान्य होगा। संलग्न छाया प्रतियो को अभ्यर्थी स्व–प्रमाणित करे।

4. अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु पूर्व निर्देशित नियमावली के अनुसार इवेन्ट में प्रतिभाग करना होगा। अतः अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये खेल से सम्बन्धित परिधान में उपस्थित हो।

5. निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त प्रक्रिया हेतु स्वयं उपस्थित नही होने एवं अभिलेखों (मूल एवं छाया प्रति) को प्रस्तुत नही करने पर अभ्यर्थी को प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा एवं उसके स्थान पर अगले क्रम के अभ्यर्थी को प्रवेश को अवसर प्रदान किया जायेगा।

6. दक्षता परीक्षा एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया के अर्ह अभ्यर्थी को महाविद्यालय आवन्टित किया जायेगा। महाविद्यालय आवन्टित होने के बाद एक सप्ताह के अन्दर (काउंसलिंग के समय जो भी तिथि निर्धारित की गयी हो) महाविद्यालय में प्रवेश लेना अभ्यर्थियों के लिये आवश्यक होगा। आवन्टित महाविद्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा कर अभ्यर्थी अपना प्रवेश सुनिश्चित कर ले, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं प्रवेश हेतु पुनः अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

7. महाविद्यालय में प्रवेश के समय मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित/प्रतिहस्ताक्षरित मूल चिकित्सा प्रमाण–पत्र आवन्टित महाविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

अभ्यर्थी उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

7/8/26

कार्यालय प्रभारी

प्रवेश सेल

प्रपत्र "क"

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

(बी.पी.एड. पाठ्यक्रम प्रवेश सत्र 2026–28) दिनांक :

दक्षता परीक्षा एवं काउंसलिंग हेतु पंजीकरण एवं शपथ–पत्र (विश्वविद्यालय/महाविद्यालय प्रति हेतु)

ऑनलाईन आवेदन फार्म संख्या .....

काउन्सलिंग शुल्क रू..... रसीद संख्या.....

अनुक्रमांक ..... जन्म तिथि:.....

श्रेणी– सामान्य/पिछड़ावर्ग/अनुसूचित/जनजाति) .....

अन्य श्रेणी– यथा (अन्य प्रान्त/विकलांग/स्वतन्त्रता संगाम सेनानी आदि).....

अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में): .....

(अभ्यर्थी अपना नाम हाईस्कूल के अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र के अनुसार अंग्रजी कैपिटल लेटर में नीचे कालम में अंकित करें)

अभ्यर्थी अपनी फोटो की प्रति ही चस्पा

पिता/पति का नाम : (हाईस्कूल के अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र के अनुसार अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में)

अभ्यर्थी के पत्राचार का पूरा पता–.....

.....**मो0नं0**.....

अभ्यर्थी द्वारा चयनित महाविद्यालय

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य प्रमाण–पत्र (स्वप्रमाणति छायाप्रतियाँ संलग्न करें)

01 .....
02 .....
03 .....
04 .....
05 .....

घोषणा

मै एतद्द्वारा शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त तथ्य, संलग्न प्रपत्र एवं चस्पा फोटो सत्य व सही है। यदि किसी भी स्तर पर किसी प्रपत्र/तथ्य में कोई त्रुटि/हेराफेरी पायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी। विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा मेरा प्रवेश निरस्त करने या अन्य जो भी कार्यवाही मेरे विरूद्ध की जायेगी, वह मुझे स्वीकार्य होगी। इसके लिये मेरे द्वारा किसी प्रकार का दावा न्यायालय में अथवा अन्यत्र प्रस्तुत नही किया जायेगा।

प्रवेश हेतु आवन्टित महाविद्यालय

.....

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

महाविद्यालय प्रतिनिधि

संयोजक/सदस्य
काउंसिलिंग समिति